MASA-07

June - Examination 2026
M.A. (Final) Examination
SANSKRIT
साहित्यशास्त्र
Paper : MASA-07

[*Time: **3** Hours*] [*Maximum Marks: **80***]

निर्देश :– यह प्रश्न–पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड–'अ' **8×2=16**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

1. (i) 'अनन्य परतन्त्राम्' का क्या अर्थ है?

(ii) कौनसे तीन तत्व लक्षणा शक्ति के हेतु है?

(iii) मम्मट के अनुसार आर्थीव्यञ्जना कितने प्रकार की है?

(iv) गुण किसके धर्म हैं? और वे नित्य या अनित्य हैं।

(v) ध्वनि अभाववादियों के कितने विकल्प हैं? उनके नाम लिखिए।

(vi) प्रतीयमानार्थ किनके द्वारा बोधगम्य है?

(vii) कौनसे ग्रंथ में काव्य पुरुष का वर्णन किया गया है और उसके प्रणेता कौन हैं?

(viii) कुन्तक की काव्य शास्त्रीय कृति का नाम क्या है और उन्होंने काव्य के आत्मतत्व के रूप में किसको माना है?

खण्ड–'ब' **4×8=32**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

2. अधोलिखित कारिकाओं में से किसी एक की हिन्दी में सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

(i) शक्तिर्निपुणता लोकशास्त्रकाव्याद्यवेक्षणात्।
काव्यज्ञशिक्षयाऽभ्यास इति हेतुस्तदुद्भवे।।

(ii) अविवक्षितवाच्यो यस्तत्र वाच्यं भवेद्ध्वनौ।

अर्थान्तरे सङ्क्रमितमत्यन्तं वा तिरस्कृतम्।।

3. निम्नलिखित कारिका की संस्कृत में सप्रसङ्ग व्याख्या कीजिए –

(अ) योऽर्थः सहृदयश्लाध्यः काव्यात्मेति व्यवस्थितः।

वाच्यप्रतीयमानाख्यौ तस्य भेदावुभौ स्मुतौ।।

अथवा

(ब) तद्वत्सचेतसां सोऽर्थो

वाच्यार्थ विमुखात्मनाम्।

बुद्धौ तत्त्वार्थदर्शिन्यां

झटित्येवावभासते।।

4. आचार्य मम्मट के अनुसार काव्य प्रयोजन का विवेचन कीजिए।

5. काव्य प्रकाश के अनुसार अलङ्कार स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

6. 'भाक्तमाहुस्तमन्ये'' इस कारिका का विश्लेषण कीजिए।

7. आनन्दवर्धन प्रतिपादित विवक्षितान्यपरवाच्य ध्वनि का विवेचन कीजिए।

8. 'वक्रोक्तिरेव वैदग्ध्यभङ्गीभणितिरुच्यते' इस कारिका की व्याख्या कीजिए।

9. आचार्य राजशेखर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

खण्ड–'स' **2×16=32**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **16** अंक का है।

10. आचार्य मम्मट के अनुसार काव्य भेदों का सोदाहरण विवेचन कीजिए।

11. काव्य प्रकाश में प्रतिपादित रस दोष परिहार पर एक लेख लिखिए।

12. आनंदवर्धन के अनुसार गुणों के रसोद्दीपकत्व का विवेचन कीजिए।

13. कुन्तक के अनुसार वक्रोक्ति के प्रमुख भेदों का विवेचन कीजिए।
